आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1100बजे

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विद्यार्थियों से मूल्यों और आधुनिकता में संतुलन बनाए रखने का आहवान किया है। वे राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि भारत आज आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और देश की बेटियां भी राष्ट्र की प्रगति में बढ़चढ़ कर अपना योगदान दे रही है। उन्होंने छात्राओं से नई तकनीकें सीखने, नवाचार और शोध को अपनाने और राष्ट्र प्रथम की भावना को अपनाने का आग्रह किया। राज्यपाल ने महाविद्यालय द्वारा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों को सराहा।

महापरिनिर्वाण दिवस

राष्ट्र आज भारतीय संविधान के शिल्पकार और भारत रत्न डॉ. भीम राव आंबेडकर को उनकी 70वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। यह दिन महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता थे। इस अवसर पर देश भर में आज कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजधानी शिमला के चौड़ा मैदान में भारत रत्न डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्ख ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी तरह प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में डॉ. आंबेडकर की पुण्यतिथि पर पार्टी अध्यक्ष विनय कुमार की अध्यक्षता में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव आंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर नमन करते हुए कहा है कि उनके विचार आज भी हर भारतीय को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि बाबा साहिब ने हमें वो संविधान दिया जिसमें समानता, न्याय व अधिकारों की नींव रखी। रितेश / योगराज

श्रम संहिता– एमएसएमई

केन्द्र सरकार ने पिछले महीने 21 तारीख को नई श्रम संहिताएं लागू की हैं। इन संहिताओं से भारत के श्रमिकों की आजीविका में स्थिरता आएगी। आज हम बता रहे हैं कि कैसे नए सुधार देश के सूक्ष्म , लघु और मध्यम उधम क्षेत्र को सीधे लाभ प्रदान कर रहे हैं।

रिपोर्ट ––– *नए श्रम सुधारों के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों एमएसएमई को अब और अधिक आसान अनुपालन प्रणाली का लाभ मिल रहा है। यह सुधार यह पक्का करते हैं कि किसी भी कर्मचारी को न्यूनतम वेतन से कम वेतन न मिले और अधिक समय तक का वेतन नियमित दर से कम से कम दोगुने दिया जाए। यह कानून सामाजिक सुरक्षा कवरेज का भी विस्तार करते हैं, जिससे छोटे उद्योगों के श्रमिकों को बीमा, मातृत्व लाभ, पेंशन और अन्य कल्याण योजना का लाभ मिल सके। नये श्रम सुधार बेहतर*

*कर्मचारी कल्याण लाते हैं जो भारत के आर्थिक विकास को आगे बढ़ने में एमएसएमई क्षेत्र की भूमिका को सहायता देता है।*

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि व्यवस्था परिर्वतन के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने व्यवस्थाओं का पतन कर दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि प्रदेश के लोग ईलाज के लिए तरस रहे हैं और सरकार विपक्ष के खिलाफ प्रचार करने पर करोड़ रुपये खर्च कर रही है। जयराम ठाकर ने कहा कि यह सरकार धारा 118 के बहाने प्रदेश के हितों को बेचना चाहती है और मित्रमंडली द्वारा प्रायोजित हिमाचल फॉर सेल की योजना प्रदेश के हित में नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार विधानसभा में जबाव देने के बजाए पिछले तीन साल से सूचनाएं एकत्र करने नाम पर झूठ बोलती है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान कांगड़ा जिला के पौंग बांध विस्थापितों को स्थापित करने का मामला उठाया। उन्होंने पौंग बांध विस्थापितों के शीध्र पुर्नवास के लिए जलशक्ति मंत्रालाय व गृह मंत्रालय के नेतृत्व में एक इंटर मिनिस्ट्रियल और राजस्थान व हिमाचल सरकारों के बीच समिति गठित करने की मांग की। सदन में अनुराग सिंह ठाकुर के वक्तव्य का कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजीव भारद्वाज ने भी समर्थन किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि 50 वर्ष पहले तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा कांगड़ा में पौग बांध बनाने के लिए तीन सौ 39 गांवों के 20 हजार से ज्यादा परिवारों के विस्थापितों को राजस्थान में जमीन के आबंटन का वायदा अभी भी अधूरा है। उन्होंने इन विस्थापितों की समस्या का जल्द समाधान करने की सरकार से मांग की।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है और लोगों को शुष्क ठंड का सामान करना पड़ रहा है। हालांकि जनजातीय क्षेत्रों में तापमान में गिरावट और मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर कोहरा पड़ने से ठंड में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है। राज्य के एक दर्जन शहरों का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि 7 दिसम्बर को प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की वर्षा व बर्फबारी की संभावना है।

उधर साफ मौसम के चलते मनाली–रोहतांग मार्ग पर आगामी 10 दिसंबर तक वाहनों की आवाजाही फिर शुरू कर दी गई है।

———————